# निरीक्षण आख्या

जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र गंगोलीहाट में मा0 मु0 घोषणा अन्तर्गत मड़कनाली सुरखाल पाठक मोटर मार्ग (लम्बाई 05 किमी0) का अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 10.12.2021 को स्थलीय निरीक्षण किया गया। दिनांक 25 नवम्बर 2021 को आयोजित एफ0 आर0 सी0 एम0 की बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में उक्त मोटर मार्ग के वैकल्पिक समरेखन के रुप में पूर्व से मौजूदा 2 मी0 चौड़े पैदल मार्ग के निरीक्षण में पाया गया कि उक्त पैदल मार्ग के आरम्भिक 500 मी0 लम्बाई में Steep Slope है, जिसमें अत्यधिक संख्या में बांज वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं। प्रस्तावक विभाग के प्रतिनिधी द्वारा अवगत कराया गया है कि Steep Slope में मार्ग निर्माण तकनीकी दृष्टिकोण से सम्भव नहीं है। वन क्षेत्राधिकारी गंगोलीहाट व प्रस्तावक विभाग द्वारा 03.12.2021 को किये गये निरीक्षण अनुसार इस समरेखन में प्रभावित होने वाले वृक्षों की संख्या 419 ज्ञात की गयी है, जो कि प्रस्तावित समरेखन में कुल प्रभावित वृक्षों से अधिक है। अतः निरीक्षण में प्रस्तावित समरेखन उपयुक्त पाया गया है।

प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग,पिथौरागढ़।